राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की गणेश चतुर्थी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 9 सितम्बर । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गणेश चतुर्थी (10 सितम्बर) पर्व पर देश और प्रदेश वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि प्रथम पूज्य भगवान गणेश विघ्न हर्ता और मंगलकारी हैं। उन्होंने भगवान गणेश से सभी को सकारात्मक ऊर्जा, सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने की कामना की है।

उन्होंने कोरोना महामारी से बचाव के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल और सरकार के दिशा—निर्देशों की की पालना करते हुए यह पर्व मनाने की अपील की है।

———